# 11 माह से फरार इनामी तस्कर मंदसौर से गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस ने तस्करी के मामले में 11 माह से फरार चल रहे 10 हजार रूपए के ईनामी तस्कर को मंदसौर से गिरफ्तार किया हैं। आरोपी को पूर्व में कई बार पकड़ने का प्रयास पुलिस ने किया,लेकिन वह चकमा देकर फरार हो गया



▸ डोडाचूरा की तस्करी में पुलिस ने पूर्व में 4 को किया था गिरफ्तार

▸ एसपी ने घोषित किया था 10 हजार का इनाम

था। इस पर एसपी ने गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था।

आईए थाना में अवैध मादक पदार्थ (डोडाचुरा) की तस्करी में लिप्त 11 माह से फरार 10 हजार का ईनामी आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। एसपी अमित कुमार के निर्देशन व एएसपी राकेश खाखा व सीएसपी सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्ग दर्शन में आईए रतलाम थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र रघुवंशी के नेतृत्व में आरोपी को कार्रवाई कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पूर्व में मुखबीर की सूचना पर सेजावता फन्टा महू नीमच फोरलेन रोड पर अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा की तस्करी करते हुए 4 आरोपी कल्लु खा,शाहरुख,अरशद अहमद व शैख रसीद को मौके पर गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा जब्त किया था। साथ ही आरोपी फिरोज खा मेवाती पिता रउफ खा मेवाती निवासी निम्बाखेडी तहसील दलोदा जिला मंदसौर फरार था। प्रकरण को लेकर एसपी ने थाना प्रभारी थाना आईए व सम्बंधित विवेचक को अपने स्तर पर टीम बनाकर उक्त फरार आरोपी की पतारासी कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन मे थाना प्रभारी एवं अनुसंधान कर्ता द्वारा उक्त आरोपी की गिरफ्तारी के भरसक प्रयास किया गया। पूर्व में आरोपी फिरोज खा मेवाती काफी चालाक होकर अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। एसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रुपये नगद इनाम उद्घोषित किया गया था। आरोपी करीब 11 माह से फरार होने के उपरांत थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम पुलिस द्वारा आरोपी फिरोज खा मेवाती पिता रउफ खा मेवाती निवासी निम्बाखेडी तहसील दलोदा जिला मंदसौर को आरोपी को ग्राम निम्बाखेडी जिला मंदसौर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की ।

गिरफ्तारी में थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम के थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र रघुवंशी, उनि.देवीलाल पाटीदार, सउनि. कैलाश सैनी,प्रआर धीरज गावडे ,आर मयंक चौधरी,आर सुमित,आर लंकेश पाटीदार व सायबर सेल रतलाम का सराहनीय योगदान रहा।

**3 बार पुलिस को चकमा देकर हो चुका था फरार**

एसपी ने थाना प्रभारी थाना आईए व सम्बंधित विवेचक को टीम बनाकर उक्त फरार आरोपी की पतारासी कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन मे थाना प्रभारी एवं अनुसंधान कर्ता द्वारा उक्त आरोपी की गिरफ्तारी के भरसक प्रयास किया गया।पूर्व में आरोपी फिरोज खा मेवाती काफी चालाक होकर अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। पूर्व में दो-तीन बार आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की गयी, लेकिन आरोपी चकमा देकर मौके से फरार हो जाता था।

## नेपानगर तहसील के कामों की समीक्षा

**नेपानगर।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ की ओर से नेपानगर तहसील के कार्यों की समीक्षा करते हुए संगठन को गति प्रदान करने की दिशा में संगठन की गतिविधियोंए कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण करने में एक कदम आगे बढाते हुए सीधा कार्यकारणी में राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के सह सचिव दिलीप इंगलेए प्रदेश उपाध्यक्ष मप्र राज्य कर्मचारी संघ संजय चौधरीए संगठन के नेपानगर प्रभारी देवीदास विश्वकर्माए प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शांताराम निंभोरेए जयप्रकाश चौधरीए जिला अध्यक्ष सुनिता कनाडे की उपस्थिति में जिला मंत्री कैलाश राठौर ने संजय अटकडे को नेपानगर तहसील कार्यकारी अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपा।

## ईमानदारी की मिसाल पेश, किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**ईच्छापूर। ग्राम इच्छापूर में दिलीप राजाराम महाजन इनकी सुपुत्री के विवाह से आये हुए मेहमान,विजय भास्कर महाजन जलगांव निवासी के हाथ में का चार तोले का सोने का नेकलेस सहकार मंगल भवन के गेट के पास गिर गया।**



वह नेकलेस नरवेल निवासी योगेश रमेश पापिल को मिला था। जिसका नेकलेश गिर चुका था, वह भारी परेशान हुवा था, मगर जिनको मिला वह मंगल भवन बुक करने आया था। महाजन परिवार बेचेन हुवा पत्ता चलने पर करीब 8 दिन के बाद रमेश ने नेकलेश देने को कहा कि मुझे यह नेककेश मंगल भवन के गेट के पास मिला था। यह किस का था, मुझे मालूम नहीं था महाजन परिवार वालो ने सात.बारा होटल मुक्ताई नगर रोड पर दोनों पार्टियों ने बैठकर महाजन परिवार को नेकलेश सौप दिया ।

महाजन परिवार ने योगेश का पुष्प माला से स्वागत कर दस हजार का इनाम दिया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष भागवणाराव महाजन, गणेश महाजन, नत्थू महाजन, प्रकाश महाजन, शुभम महाजन, दिलीप महाजन उपस्थीत थे।

### एक नजर में

## राज्यमंत्री और सांसद ने किया भूमिपूजन



**सतना, 7 दिसंबर.** ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जनपद पंचायत सोहावल के ग्राम पंचायत कैमा उन्मूलन में शुक्रवार को नवीन पंचायत भवन अटल ग्राम सेवा सदन का भव्य भूमिपूजन समारोह आयोजित हुआ. 37 .49 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस आधुनिक पंचायत भवन का भूमिपूजन मध्य प्रदेश शासन की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया. कायक्रम की अध्यक्षता सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में रामपुर बघेलान विधायक श्री सिद्धार्थ कुशवाहा उपस्थित रहे. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रामखेलावन कोल, अग्निवेश शुक्ला, प्रतिपाल सिंह बागरी, जनपद सीईओ आर .बी. गौतम, सहायक यंत्री विष्णुकांत मिश्रा, उप यंत्री मनीष जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंच-सरपंच और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे .पंचायत भवन की प्रशासनिक स्वीकृति 30 मई 2025 तथा तकनीकी स्वीकृति 06 अगस्त 2025 को 37 .49 लाख रुपये की राशि से जारी की गई थी. निर्माण कार्य स्वयं ग्राम पंचायत कैमा उन्मूलन द्वारा कराया जाएगा.

## कांग्रेस जिला समन्वय समिति की बैठक हुई

**ग्वालियर, 7 दिसंबर.** कांग्रेस जिला समन्वय समिति की बैठक आज रविवार को शिन्दे की छावनी स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुई. बैठक में प्रदेश के पूर्व मंत्री पी .सी. शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे. बैठक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने शहर कांग्रेस के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यक्रम, धरने प्रदर्शन, आंदोलनो, संगठनात्मक गतिविधियां एवं एसआईआर फॉर्म भरने एवं जमा कराने के कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, साथ ही ग्वालियर की जनता के हितो के मुद्दे उठाने आदि को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक में मंथन किया गया. बैठक में मप्र शासन के पूर्व मंत्री पी .सी. शर्मा ने सभी से भाजपा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया.

## नीमच की धरा पर फिल्माई मास्टर जी ..!




**नीमच, 7 दिसंबर.** फिल्में अक्सर भावनाओं को उजागर करती हैं और दर्शकों को चिंतन के लिए तैयार करती हैं. शैक्षिक फ़िल्में वो आईना हे जो समाज में शिक्षा के महत्व को समझती है और इसे देखने से लोगों को सीख मिलती है और शिक्षकों को आत्म-जागरूकता बढ़ाने में मदद करती हैं, साथ ही भावनाओं के माध्यम से सहकर्मियों और छात्रों के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करती हैं. शिक्षा पर आधारित फ़िल्में दृश्य शिक्षार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट संसाधन हैं .ऐसी ही एक फिल्म मास्टर जी (कहानी एक बदलाव की), जो कि नीमच की धरा पर फिल्माई गई है और यू- ट्यूब चैनल पर ङराजवंश क्रिएशनङ के बैनर तले 26 जनवरी 2026 को रिलीज होने जा रही है. 45 मिनट की यह शिक्षाप्रद फिल्म एक शिक्षक के संघर्ष की दास्ता को बयां करती है. इस फिल्म में केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि सोच, संवेदना और समाज में बदलाव लाने का माध्यम बनने का प्रयास किया गया है. यह फिल्म छात्रों को सपने देखने की प्रेरणा देती हैं, शिक्षकों को नई दृष्टि, और अभिभावकों को समझ की गहराई प्रदान करती हैं. शिक्षा सिर्फ पाठ्यक्रम नहीं - अनुभव, संघर्ष और प्रेरणा की कहानी है, जिसे सिनेमा खूबसूरती से जीवंत करने का प्रयास किया गया है. फिल्म में करीब 30 स्थानीय कलाकारों को ने अपनी कला का प्रदर्शन किया है और फिल्म की शूटिंग नीमच शहर के समीप गांव धनेरिया कला और लेवड़ा में की गई है.

## पुलिस की घेराबंदी में कार से 2 .51 लाख के मादक पदार्थ जब्त


**सीधी.** सीधी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2.51 लाख के मादक पदार्थ सहित 8.51 लाख से अधिक का मशरुका जब्त किया है. पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन में मझौली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के परिवहन व बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई को अंजाम दिया है. इस कार्रवाई में लगभग 8 लाख 51 हजार 691 रुपये कीमती अवैध मादक पदार्थ और उनके परिवहन में उपयोग किए वाहन को जब्त किया है. कुछ लोग सफेद स्विफ्ट डिजायर कार में अवैध नशीली कफ सिरप और गांजा लेकर शहडोल तरफ से मझौली आ रहे हैं.

# रामकृष्ण मिशन आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र

▸ उप मुख्यमंत्री शुक्ल रामकृष्ण मिशन सम्मेलन में शामिल हुए

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 दिसम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रामकृष्ण मिशन के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि रामकृष्ण मिशन पीड़ित मानवता की सेवा और आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र है.**



उन्होंने कहा यहां आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने पर दिव्य आनंद और आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है. मानव का मन जब शांत होता है तभी वह मानव कल्याण कर सकता है. रामकृष्ण मिशन का मानव सेवा का गौरवशाली इतिहास है. स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका में शिकागों में आयोजित धर्म सम्मेलन में भारतीय ज्ञान और दर्शन का ध्वज लहराया. उन्होंने भारतीय ज्ञान और दर्शन की पूरी दुनिया पर छाप छोड़ी. स्वामी विवेकानंद द्वारा बनाया गया रामकृष्ण मिशन पीड़ितों की सेवा और आध्यामिक ज्ञान के लिए लगातार कार्य कर रहा है. भारत की आध्यात्मिक चेतना का दुनिया में विशिष्ट स्थान है. वर्तमान समय में हिंसा और युद्ध के समाधान के लिए पूरी दुनिया भारत से आस लगाये है.

भारत तेजी से विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है. देश के विकास में हम सब अपना योगदान दें.

> उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रामकृष्ण मिशन द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर हजारों रोगियों का उपचार किया जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आमजनता की स्वास्थ्य रक्षा के लिए निरोगी काया अभियान शुरू किया है. इस अभियान ने आमजनता को स्वास्थ्य जांच का अधिकार और सुविधा दी है. रामकृष्ण मिशन सदैव निःस्वार्थ सेवा करता है. हमें सिर्फ अपने लिए ही नहीं अपनों के लिए भी जीवन जीना है. वहीं स्वामी अक्षयआनंद महाराज ने कहा कि भारतीय आध्यात्मिक जीवन का एक मात्र लक्ष्य जीव सेवा ही ईश्वर सेवा है.

## गांवों में एसआईआर कार्य गंभीरता से करें कार्यकर्ता

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य को भाजपा कार्यकर्ता गंभीरता से ले। ग्रामीण क्षेत्र में इस कार्य को लेकर कोई लापरवाही ना करे। वास्तविक मतदाताओं के नाम अनिवार्य रूप से सूची में दर्ज हों और मृतक तथा अन्यत्र जा चुके मतदाताओं के नाम विलोपित कराएं। रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में अब तक हुआ कार्य संतोषजनक है। यह बात भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की बैठक मे कही।



## शहर के प्रमुख चौराहे हुए कब्जा मुक्त, लेफ्ट टर्न हुए खाली, अतिक्रमण हटाए

**जबलपुर.** अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शनिवार को शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और मार्गों पर सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे हुए अवैध कब्जों को ध्वस्त कर दिया. इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शहर के यातायात को सुगम बनाना और निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं को गति देना रहा.

## असामाजिक तत्वों ने तोड़ा गोरक्षकों का प्रचार रथ

▸ भड़का आक्रोश, कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

**गुना, 7 दिसंबर. गौसेवा के प्रचार-प्रसार के लिए गौसेवकों द्वारा तैयार किए गए गौरथ को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है.**

यह घटना बीजी रोड पर स्थित मां हॉस्पिटल के पीछे वीरेंद्र नगर क्षेत्र में हुई, जहां यह रथ प्रचार अभियान शुरू करने से पहले खड़ा किया गया था. गौसेवकों ने बताया कि रथ का निर्माण गौसेवा को बढ़ावा देने और सड़कों पर निराश्रित घूम रही गायों को संरक्षण देने की अपील के उद्देश्य से किया गया था. वे इस रथ के माध्यम से व्यापक रूप से जागरूकता अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही अज्ञात लोगों ने इसे नुकसान पहुंचा दिया. गौरथ को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद गौसेवकों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है और सीधे तौर पर असामाजिक तत्वों पर इस घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है. गौसेवकों का कहना है कि कुछ दिन पहले ही पुलिस ने इन असामाजिक तत्वों के ठिकानों पर दबिश देकर गायों की हड्डियां बरामद की थीं. गौसेवकों का मानना है कि इन तत्वों ने उसी कार्रवाई से उपजी ईर्ष्या और बदला लेने के प्रयास के चलते इस गौरथ को क्षतिग्रस्त करने की घटना को अंजाम दिया है.

## 51 भूखण्ड अवैधानिक ढंग से बेचे, केस दर्ज

**जबलपुर.** अधारताल थाना अंतर्गत पिपरिया बनियाखेडा में अवैध रूप से कॉलोनी बनाई और 51 भूखण्ड अवैधानिक ढंग से विक्रय किया गया. मामले की जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने बिल्डर के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है. पुलिस के मुताबिक ग्राम पिपरिया बनियाखेडा महाराजपुर तहसील पनागर में बृनदावन कुशवाहा पिता शंकर लाल कुशवाहा निवासी अमखेरा रोड बस्ती नं. 1 गोहलपुर द्वारा कॉलोनी बनाई. भूमि खसरा नम्बर. 304/2 रकबा 1.044 हेक्टेयर भूमि को भू. खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया. मामले की जांच जिला प्रशासन द्वारा कराई गई.

## सिंगल यूज प्लॉस्टिक उत्पादन, भंडारण व क्रय-विक्रय पर रोक

**जबलपुर, 7 दिसंबर. नगर निगम सीमाअंतर्गत पॉलीस्टाइरीन और विस्तारित पॉलीस्टाइरीन वस्तुओं सहित 19 चिन्हित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं को 4 श्रेणियों के निर्माण, आयात, भण्डारण वितरण, विक्रय और उपयोग पर रोक लगा दी गई है.**

जिसमें स्टिक्स के अंतर्गत इयर बड्स, गुब्बारे, आइसक्रीम, कैंडी, कटलरी के अंतर्गत कप, प्लेट, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, ट्रे, स्ट्रॉ, एवं स्टिरर, रैपिंग फिल्म के अंतर्गत मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण पत्र एवं सिगरेट पैकेट एवं अन्य के अंतर्गत झंडे, थेर्मोकोल की सजावटी सामग्री एवं 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर शामिल है. प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति, व्यापारी, या औद्योगिक प्रतिष्ठान के संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई और सामग्री भी जप्त होगी. निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि प्रतिबंधित 19 वस्तुओं को 4 मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें स्टिक्स के अंतर्गत इयर बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक स्टिक्स, आइसक्रीम स्टिक्स और कैंडी स्टिक्स. कटलरी के अंतर्गत प्लास्टिक के कप, प्लेट, गिलास, कांटे, चम्मच और 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर आदि शामिल है.

## अनुशासन, आत्मविश्वास की सीख देते हैं खेल

**सांसद खेल महोत्सव में केंद्रीय राज्यमंत्री शामिल**

**कुक्षी ( धार ). विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह शनिवार को सम्पन्न हुआ.**



खेल बच्चों का अभिन्न अंग है यही उन्हें अनुशासन आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की सीख देता है यह उत्सव समापन नहीं जीवन की शुरुआत है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान खेलेगा युवा तो बढ़ेगा भारत आत्मनिर्भर भारत की और बढता भारत उक्त बात सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने नगर के एलिजियंस स्कूल में विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम के अवसर पर कही स्वागत भाषण अनुवीभागीय अधिकारी विशाल धाकड़ और खेल शपथ ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने दिलाई वही पूर्व विधायक मुकाम ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया एवं अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर किया गया प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश धाडीवाल, खेल महोत्सव के प्रभारी मनीष भावसार अतिथि उपस्थिति थे.

**आयोजन** ▸ पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन वरैया मंदिर में प्राचीन जिनालय के नव निर्माण का शुभारंभ

# प्रभु और संत कृपा बिना नियति नहीं मिलती

**ग्वालियर. मेडिटेशन गुरु, उपाध्याय 108 विहसन्त सागर मुनिराज ससंघ के सानिध्य में पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन वरैया मंदिर, दानाओली में प्राचीन जिनालय के नव-निर्माण का शुभारंभ हुआ.**



यह विहसन्त सागर मुनिराज द्वारा संपादित 76वां नवनिर्माण है, जो धर्म-प्रभावना की पावन परंपरा को नई ऊर्जा प्रदान करता है. कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए मेडिटेशन गुरु मुनिराज ने कहा कि मनुष्य को कभी भी उपकार नहीं भूलना चाहिए. एक अक्षर का उपदेश देने वाला भी उपकारी होता है. उन्होंने धर्म और आत्म-साक्षात्कार के महत्व पर जोर दिया. वरैया दिगंबर समाज का एकमात्र मंदिर दानाओली में स्थित था. मैं जब यहां धर्म कार्य के लिए आता था तो यहां की पूर्व समितियों के सदस्य कहते थे कि यह मंदिर छोटा है, इसका पुनर्निर्माण करना है. तब मैं कहता था कि जब समय आएगा तो अपने आप मंदिर का पुनर्निर्माण हो जाएगा. प्रभु की कृपा से आज मंदिर का भूमि-पूजन भी हो गया और विशाल मंदिर बनने की ओर अग्रसर है.

> भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने कहा कि मैं यह मानता हूं कि प्रभु कृपा और संत कृपा बिना नियति के नहीं मिलती. आज यह आयोजन नहीं होता तो मैं भोपाल में होता है. जैसे ही मुझे जब मालूम चला कि पूज्य गुरूजी उपाध्याय 108 विहसन्त सागर मुनिराज ससंघ का आशीर्वाद व दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा तो मैंने सोचा यह काम पहले सारे काम बाद में देखेंगे. उन्होंने कहा कि प्रभु ने हम सभी को विशेष काम दिया है.

## डायग्नोस्टिक व कैंसर सेंटर की तैयारी, भेजेंगे प्रस्ताव

**रतलाम।** भारतीय रेडक्रॉस समिति के संचालक मंडल ने कलेक्टर मिशा सिंह के साथ हुई चर्चा के बाद विरियाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम के पास बने खंड 'अ' के पुराने भवन का निरीक्षण किया। यह वही भवन है जहाँ पूर्व में रेडक्रॉस द्वारा क्लीनिक संचालित किया जाता था। रेडक्रॉस चेयरमैन प्रितेश गादिया के नेतृत्व में हुए अवलोकन में भवन की बदहाल स्थिति और अनियमितताएँ सामने आई, जिन पर समिति ने संबंधित स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ सदस्य शरद जोशी, वाइस चेयरमैन सुशील मुणत, कोषाध्यक्ष संजय लूनिया, राजेश बरमेचा उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उज्जैन मण्डल, उज्जैन, कोठी महल के पीछे, उज्जैन (म.प्र.)**

Telephone : 0734-2510919, Email-seresujjain@mp.gov.in

क्रमांक / 1848/तक/ ग्रायांसे/2025, उज्जैन, दिनांक 02/12/2025

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 11/2025-26**

उज्जैन मण्डल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की गई हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैः-

| स.क्र. | जिले का नाम | ऑनलाइन टेण्डर आईडी क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | देवास | 2025_RES_465714 | नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण जनपद पंचायत देवास | 413.00 |
| 2 | देवास | 2025_RES_465715 | नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण जनपद पंचायत सोनकच्छ | 413.00 |

उपरोक्त निविदाओं का निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र पोर्टल पर दिनांक 08/12/2025 से प्रातः 10:00 से उपलब्ध होगा। प्री-बीड मिटिंग दिनांक 10/12/2025 प्रातः 11.30 बजे इस कार्यालय में रखी गई है। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22/12/2025 समय 18:00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। उक्त निविदा दिनांक 24/12/2025 को कार्यालय, अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उज्जैन मण्डल, उज्जैन में खोली जावेगी।

G22398/25

(एस.एस.चौहान)
अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उज्जैन मण्डल, उज्जैन